अमर उजाला 06/02/2025

जीएमएन कॉलेज में करवाई राष्ट्रीय संगोष्ठी

अंबाला सिटी। जीएमएन कॉलेज में साहित्य, संस्कृति और समाज विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। यह कार्यक्रम कॉलेज के सेमिनार हॉल में हुआ। इसमें प्रमुख वक्ताओं ने साहित्य के समाज और संस्कृति पर प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर अंग्रेजी और फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी रीजनल कैंपस शिलोंग से इंग्लिश लिटरेचर विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ. अरोमा खारशिंग और रांची विश्वविद्यालय के भाषाओं के डीन डॉ. जंग बहादुर पांडेय मौजूद रहे।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता डॉ. जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि ज्ञान मानव समाज की सर्वोत्तम उपलब्धि है। संवाद